गौवंश के पैर तोड़े जाने की आशंका, तीन घायल मिले

शक्ति शुगर मिल कौड़िया के समीप नहर किनारे मिल घायल गौवंश, पुलिस ने शुरू की जांच

नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा। गत दिवस की सुबह शक्ति शुगर मिल कौड़िया के समीप नहर किनारे तीन गोवंश घायल अवस्था में पड़े मिले। इनमें एक लाल रंग की गाय, एक काली बछिया और एक काला बछड़ा शामिल है। प्रथम दृष्टया उनके साथ मारपीट किए जाने तथा पैर तोड़े जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि घटना की वास्तविक वजह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। घायल गोवंश की जानकारी मिलते ही भारतीय गौ क्रांति मंच, बजरंग दल के गोसेवकों, स्थानीय सरपंच एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सभी



ने घायल गोवंश को तत्काल गौशाला पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार शुरू कराया गया। मामले की सूचना पुलिस को दिए जाने के बाद प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। एफआईआर के अनुसार मामले की जांच का दायित्व उपनिरीक्षक बबीता पहाड़े को सौंपा गया है। पुलिस द्वारा घटना के संबंध में उपलब्ध तथ्यों एवं परिस्थितियों की जांच की जा रही है।

गौसेवकों में रोष


घायल अवस्था में तीन गोवंश मिलने की घटना से गौसेवकों एवं गौभक्तों में रोष है। उनका कहना है कि यदि गोवंश के साथ मारपीट कर उन्हें घायल किया गया है तो यह गंभीर मामला है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि घटना की निष्पक्ष जांच कर अज्ञात आरोपी की पहचान की जाए और दोषी पाए जाने पर उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।साथ ही घायल गोवंश का समुचित उपचार, सुरक्षा एवं संरक्षण सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

जीवनदायिनी मां नर्मदा के तट पर चला स्वच्छता अभियान

नवभारत,साईखेड़ा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जीवनदायिनी मां नर्मदा के तटों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर विकास प्रस्फुटन समिति साईखेड़ा के अध्यक्ष हरि गोपाल श्रीवास्तव एवं सदस्यों ने परामर्शदाताओं एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नर्मदा तट के आसपास साफ-सफाई की तथा कचरा एकत्रित कर उसका उचित निपटान किया। स्वच्छता अभियान के दौरान नदी तट एवं आसपास के स्थानों पर बिखरे प्लास्टिक, पॉलिथीन, कागज एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्र किया गया।

विभिन्न रोगों से जूझ रही धान की फसल

नवभारत,तेंदूखेड़ा। धान की फसल 60 से 70 दिन की हो चुकी है।वारिस लेट शुरू होने के कारण बिलंब से रोपा डलने और बिलंब से ही रोपाई होने के साथ इस बार फसल को उचित माहौल नहीं मिल सका। किसानों का कहना है कि धान में भूरा माहू मच्छर का अटैक देखा जा रहा है वहीं अचानक मौसम में गर्माहट आ जाने के कारण फंगस लग रही है।वाससमति धान में गर्दन तोड़ रोग लगा हुआ है।कम खर्चे के चक्कर में कुछ किसानों ने क्रांति और 10-10 प्रजाति की धान छिडका सीडड्रिल से बोनी कर तो ली थी लेकिन उनके लिए यह घाटे का सौदा होता नजर आ रहा है।अब स्थिति यह बनीं हुई है कि फसल कहीं उगी नहीं और उगी भी तो



फिर ग्रोथ भी नहीं कर पाई है। किसानों को अपनी फसल की लागत की ही चिंता सता रही है। यदि समर्थन मूल्य पर धान बिक रही है तो ठीक है नहीं तो किसानों को नुक्सान होने की आशंका बनीं हुई है। सोयाबीन और उड़द फसल को उचित मौसम ना मिल पाने के वह शुरू से ही अपनी खानदानी बीमारियों से ग्रसित बनीं रही इन फसलों को जब पानी की जरूरत थी तब धूप और जब धूप की जरूरत थी तब बादल छाए रहने के साथ साथ किसानों द्वारा समय पर उचित ध्यान नहीं दिया जिस कारण से यह फसल घाटे का सौदा साबित हो गई।अब स्थिति यह बनीं हुई है कि फसल को कटाने में ही लागत ज्यादा आने उपज कम निकलने के कारण मवेशियों के हवाले करने में ही फायदा है।जो लागत मूल्य लगा उतना ही घाटा रहेगा। बल्कि जिन किसानों ने समय पर फसल में दवाईयां डाल दी और पानी के समय पानी दे दिया उन्हें थोड़ा बहुत हाथ ही लग गया। किसानों की माने तो इस बार मक्का और अरहर की फसल ही खरीफ सीजन की अन्य फसलों के नुकसान की भरपाई करा सकती है। अधिकांश क्षेत्रों में तो मक्का टूटने लगा है।

एक नजर में

आज जिले में होंगी विभिन्न गतिविधियां

नरसिंहपुर। सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत 8 अक्टूबर को जिले में विभिन्न विभागों द्वारा सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़ी विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नरसिंहपुर द्वारा ग्राम दहलबाड़ा एवं ग्राम मुर्गाखेड़ा में पेयजल स्रोतों की सफाई तथा टंकी परिसर में पौधारोपण किया जाएगा। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग नरसिंहपुर द्वारा कौड़िया एवं नरसिंहपुर में प्रगतिशील कृषकों का सम्मान किया जाएगा। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग नरसिंहपुर द्वारा नरसिंहपुर परियोजना में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं लैंगिक समानता पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की अनंतिम चयन सूची जारी

नरसिंहपुर। परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना नरसिंहपुर ने बताया कि संचालनालय महिला एवं बाल विकास मध्यप्रदेश द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के पदों के लिए आवेदन एम.पी.ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए गए हैं। इस संबंध में विकासखण्ड स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 4 एवं आंगनवाड़ी सहायिका के 4 पदों के लिए एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की केन्द्रवार जांच की गई। आवेदनों के साथ संलग्न दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद विकासखण्ड स्तरीय चयन समिति के अनुमोदन उपरांत अनंतिम चयन सूची जारी की गई है।

सुनील उर्फ पप्पू मेहरा का एक वर्ष जिला बदर का आदेश

नरसिंहपुर। मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के प्रावधानों के तहत जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने जिले के एक आदतन अपराधी को पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर जिला बदर किया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बनवारी के सुनील उर्फ पप्पू मेहरा पिता महादेव मेहरा को जिला बदर किया गया है। सुनील उर्फ पप्पू मेहरा को नरसिंहपुर जिला और उससे लगे जिलों छिंदवाड़ा, सिवनी, जबलपुर, दमोह, सागर, रायसेन एवं नर्मदापुरम की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया गया है।

समय पर उपचार से नमामि को मिला स्वस्थ जीवन

नरसिंहपुर। तहसील करेली के ग्राम रामखिरिया की रहने वाली महज 5 माह 20 दिन की नन्हीं नमामि साहू के लिए समय पर हुई बीमारी की पहचान और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का सहयोग जीवन में नई उम्मीद लेकर आया। जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित नमामि को सांस लेने में तकलीफ होती थी और बीमारी का उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। ऐसे समय में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) ने नमामि के परिवार के लिए उम्मीद की राह खोली। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा समय पर बीमारी की पहचान की गई और बेहतर उपचार के लिए बच्ची को विशेषज्ञ अस्पताल में उपचार के लिए रेफर किया गया।

तहसील साहू समाज पदाधिकारी चयन हेतु विशेष बैठक का आयोजन 11 को

नवभारत,करेली। मां कर्मा देवी को अपना आराध्य मानने वाले समाज साहू समाज के मध्य प्रदेश के प्रादेशिक अध्यक्ष भगवान दास साहू के निर्देश व प्रादेशिक कार्यकारी अध्यक्ष चौधरी राजेश कुमार साहू की अध्यक्षता में प्रादेशिक युवाध्यक्ष चंद्रमोहन साहू, जिला अध्यक्ष नरसिंहपुर शांतनु साहू के मार्गदर्शन में आगामी 11 अक्टूबर रविवार को रात्रि 08 बजे से तहसील ईकाई के गठन हेतु आवश्यक बैठक का आयोजन सीताराम मॉल बरमान चौराहा करेली में आयोजित है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रादेशिक संगठन मंत्री मोहनलाल साहू ने बताया कि बैठक में साहू समाज करेली अध्यक्ष, नव युवक



साहू समाज के आजीवन सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का विशेष आग्रह किया गया

अध्यक्ष व महिला अध्यक्ष का सर्वसम्मति से चयन किया जाना है करेली तहसील के सभी सामाजिक बंधु एवं मध्य प्रदेश साहू समाज के आजीवन सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का विशेष आग्रह किया गया है।

त्यसन मुक्त समाज निर्माण को लेकर छात्रों ने किया जनजागरण

नवभारत,तेंदूखेड़ा। विगत दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय महाविद्यालय के छात्रों द्वारा व्यसन मुक्त समाज निर्माण की दिशा में जनजागरण किया जिसमें एन एस एस के छात्रों ने नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक किया तथा उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक मानसिक सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नशे की आदत से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं एवं परिवार तथा समाज पर पढ़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों



एवं अन्य प्रतिभागियों को नशा मुक्त जीवन जीने तथा स्वयं नशा न करने और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य शिक्षा परिवार एवं भविष्य को प्रभावित करता है। अत: नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन जीना आवश्यक है। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ के सहयोग से सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत तिंसरा में जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन

नवभारत,करेली। ग्राम पंचायत तिंसरा, विकासखंड करेली में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान पौधारोपण, नवीन कार्यों का भूमि पूजन तथा ग्राम के समस्त जल स्रोतों की साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सीताराम नामदेव ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग करेली की उपयंत्री सुश्री माधुरी यादव, अनामिका श्रीवास्तव, सरपंच प्रशांत कौरव, सचिव प्रेम नारायण पटेल, पंचायत के सभी



अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करना है

सदस्य, जीआरएस एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को जल स्रोतों की स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

उत्कृष्ट कार्य के लिए डीईओ डॉ. अनिल कुशवाहा सम्मानित

नवभारत,गाडरवारा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह की उपस्थिति में भोपाल के शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टी.टी. नगर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय 'मेरे सपनों का भारत' चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें क्षेत्र के गुरुकुलम स्कूल सालीचौका की प्रतिभावान छात्रा आयुषी अहिरवार ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छात्रा आयुषी अहिरवार को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने की इस



उपलब्धि से जिले की शैक्षणिक एवं सृजनात्मक प्रतिभा को नई पहचान मिली है। इसी राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नरसिंहपुर जिले में उत्कृष्ट कार्य एवं अभियान की गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा को भी सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिले में शिक्षा विभाग द्वारा अभियान के तहत किए गए प्रयासों और गतिविधियों के प्रभावी संचालन के लिए प्रदान किया गया। आयुषी अहिरवार की प्रदेश स्तरीय उपलब्धि और डीईओ डॉ. अनिल कुशवाहा के सम्मानित होने पर बीईओ सीमा डोंगरे, वीरेंद्र राजपूत, बीआरसी डीके पटेल, संदीप स्थापक सहित जिले के प्राचार्यों एवं शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने दोनों उपलब्धियों को जिले के विद्यार्थियों और शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायी बताया।

कलेक्टर के नाम आवेदन देकर लगाई वेतन दिलाने की गुहार

दो साल से वेतन नहीं मिला, किराना दुकानदार की उधारी भी नहीं चुका पा रहा नल-जल ऑपरेटर

नवभारत,चीचली। जनपद पंचायत चीचली अंतर्गत ग्राम पचामा में नल-जल योजना के तहत ऑपरेटर के रूप में कार्यरत महेश मेहरा पिता द्वारका प्रसाद मेहरा ने कलेक्टर के नाम आवेदन देकर पिछले दो वर्षों से अधिक समय से लंबित वेतन दिलाए जाने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने अपनी आर्थिक परेशानी बताते हुए कहा है कि वे अत्यंत गरीब परिवार से आते हैं और लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो



गया है। आवेदक महेश मेहरा के अनुसार वह पिछले करीब 14 वर्षों से नल-जल योजना में ऑपरेटर के रूप में कार्य कर रहे हैं। ग्राम पंचायत क्षेत्र में दो नलकूपों के माध्यम से ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी उनके द्वारा निभाई जा रही है। इसके बावजूद उन्हें लगभग दो वर्ष से अधिक समय से मेहनताना नहीं मिला है। उनका कहना है कि वे कई बार ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव से वेतन भुगतान के लिए निवेदन कर चुके हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। महेश मेहरा ने आवेदन में बताया कि उनके दो छोटे बच्चे हैं, जो स्कूल में पढ़ते हैं। लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण वह बच्चों की स्कूल फीस तक जमा नहीं कर पा रहे हैं। आर्थिक तंगी का आलम यह है कि रोजमर्रा की जरूरतों के लिए किराना दुकान से उधारी पर सामान लेना पड़ रहा है और अब वह किराना दुकानदार की उधारी भी चुकाने में असमर्थ हैं। इसी परेशानी के चलते हस्तक्षेप कर लंबित वेतन का भुगतान कराने की गुहार लगाई है। वहीं ग्राम पचामा के वर्तमान सचिव ने बताया कि उन्हें पदभार संभाले अभी करीब एक माह ही हुआ है। उनके अनुसार पूर्व अवधि का वेतन अभी लंबित है। उन्होंने बताया कि नल-जल योजना के तहत होने वाली वसूली नहीं होने के कारण भुगतान नहीं किया जा सका है। सचिव ने पूर्व सचिव से चर्चा का हवाला देते हुए बताया कि पिछले वर्षों में नल-जल योजना से होने वाली वसूली के आधार पर ही ऑपरेटर को भुगतान किया जाता रहा है। अब मामला जिला प्रशासन के समक्ष पहुंचने के बाद यह सवाल उठ रहा है कि वर्षों से नल-जल योजना में सेवाएं दे रहे ऑपरेटर को लंबे समय से वेतन क्यों नहीं मिल पाया और लंबित भुगतान की जिम्मेदारी किस स्तर पर है।

वीरांगना महारानी दुर्गावती का जन्मोत्सव मनाया

नवभारत,करेली। वनवासी विकास परिषद, जिला नरसिंहपुर द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्थानीय वृद्ध सदन भवन में वीरांगना महारानी दुर्गावती जी का जन्मोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा महारानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिषद के जिला उपाध्यक्ष शंकर सिंह बाड़ीवा ने कहा कि महारानी दुर्गावती अदम्य शौर्य और पराक्रम की प्रतीक थीं। उन्होंने एक कुशल प्रशासक के रूप में गोंडवाना राज्य का संचालन किया और जब राष्ट्र रक्षा का समय आया तो रणभूमि में



मुगल सेना से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हुईं। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। परिषद के सह सचिव दीपक कोल ने कहा कि महारानी ने अपने शासनकाल में जनकल्याण के अनेक कार्य किए। पूरे गोंडवाना क्षेत्र में उन्होंने सैकड़ों तालाबों एवं जलाशयों का निर्माण कराया।

संकुल स्तरीय संस्कृति महोत्सव का आयोजन

नवभारत,तेंदूखेड़ा। विगत दिवस विद्याभारती की योजनानुसार माधव ग्राम भारती के तत्वाधान में संकुल स्तरीय संस्कृति महोत्सव सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित किया गया। जिसमें संकुल के 05 विद्यालयों सरस्वती शिशु मन्दिरों ने भाग लिया तेंदूखेड़ा काचरकोना टेकापार पीपरवानी बिलहरा से कुल 44 भैया वहिनों ने भाग लिया। और व्यक्तिगत गीत चित्रकला रंगोली भजन गायन गीतापाठ कथा कथन एकल अभिनय प्रश्नमंच वन्देमातरम गायन सरस्वती वंदना मूर्तिकला आदि 19 प्रतियोगिताओं मे सहभागिता दी गई ।उघाटन सत्र में भानु प्रजापति प्रभारी प्राचार्य शास कीय महाविद्यालय अध्यक्षता बसंत खरोनिया विशिष्ट अतिथि



बसंत पटेल अध्यक्ष अधिवक्ता संघ एवं जिला समन्वयक गोविन्द सिंह किरार शैलेन्द्र पटेल नीरज राय तथा समापन सत्र में महीष मोदी जिला उपाध्यक्ष भाजपा हीरेन्द्र कुमार नायक कोषाध्यक्ष माधव ग्राम भारती प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। सभी मैया बहिनों को प्रमाण पत्र पुरस्कार प्रदान किये गये। संचालन एवं आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविन्द प्रसाद ने किया।इस मौके पर संकुल विद्यालयों से राजेश किरार यशवंत पटेल लक्ष्मण पटेल विनोद शुक्ला पूरनलाल चढ़ार स्थानीय विद्यालय के आचार्य दीदी उपस्थित रहे। प्रथम स्थान पाप्त करने वाले भैया बहिनों को जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव के लिए बसखेडा में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेगें।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला आयोजित

नवभारत, गाडरवारा। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में चीचली विकासखंड के ग्राम रायपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्ययनरत 454 विद्यार्थियों को कृमि संक्रमण से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल की गोलियों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आश्वस्ति मर्सकोले ने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के विभिन्न उपायों की



जानकारी दी। एएनएम प्रीति सेन एवं आशा पर्यवेक्षक ममता अहिरवार ने छात्राओं को एनीमिया से बचाव, पूरक पोषण आहार, नेत्र परीक्षण, एल्बेंडाजोल एवं फोलिक एसिड की गोलियों के उपयोग सहित किशोरावस्था से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम की उपस्थिति में विद्यार्थियों को कृमिनाशक गोलियां वितरित की गईं।

प्रतियोगिता | अन्वी महाजन की शतकीय पारी ने दिलाई शानदार जीत, बनीं प्लेयर ऑफ द सीरीज

नरसिंहपुर ने 63 रनों से जीता 19 वर्ष बालिका क्रिकेट का फाइनल

नवभारत, नरसिंहपुर। आयोजित 19 वर्ष बालिका क्रिकेट संभागीय शालेय प्रतियोगिता का रोमांचक फाइनल मुकाबला बुधवार को नरसिंहपुर और छिंदवाड़ा की टीमों के बीच खेला गया। शानदार प्रदर्शन करते हुए नरसिंहपुर की टीम ने छिंदवाड़ा को 63 रनों से पराजित कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले का शुभारंभ खेल अधिकारी सुनीता यादव ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। नरसिंहपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 12



ओवरों में नरसिंहपुर की टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 167 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से अन्वी महाजन ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 53 गेंदों में 111 रन बनाए। उनकी तूफानी पारी में 20 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। अन्वी की इस बेहतरीन बल्लेबाजी ने नरसिंहपुर को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छिंदवाड़ा की टीम निर्धारित 12 ओवरों में 5 विकेट खोकर 104 रन ही बना सकी। छिंदवाड़ा की ओर से अदिति सोनी ने 36 रनों की उपयोगी पारी खेली, लेकिन टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। इस तरह नरसिंहपुर ने फाइनल मुकाबला 63 रनों से जीतकर प्रतियोगिता की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

खिलाड़ियों को मिले व्यक्तिगत पुरस्कार

प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार अदिति सोनी (छिंदवाड़ा), सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार स्वाति प्रजापति (नरसिंहपुर) को प्रदान किया गया। वहीं अपनी शानदार बल्लेबाजी और पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अन्वी महाजन (नरसिंहपुर) को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।

डाइट टीम ने किया स्कूलों का निरीक्षण

नवभारत, गाडरवारा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नरसिंहपुर से व्याख्याता संजय शर्मा एवं गोविंद बड़ाकुर ने गत दिवस विकासखंड साईंखेड़ा के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण कर एफएलएन (बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान) मॉनिटरिंग की। इस दौरान टीम ने विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर का जायजा लेते हुए शिक्षकों को अकादमिक दिशा-निर्देश एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। डाइट टीम ग्राम तूमड़ा, मुआर, सिरसिरी एवं संदूक पहुंची, जहां प्राथमिक शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति का अवलोकन किया गया। टीम द्वारा विद्यार्थियों की कक्षा-अनुरूप दक्षताओं की जानकारी ली गई



तथा एट ग्रेड एवं एफएलएन अभ्यास पुस्तिकाओं का भी अवलोकन किया गया। विद्यार्थियों की शैक्षिक स्थिति के आधार पर शिक्षकों को आवश्यक सुधार एवं शिक्षण गतिविधियों से संबंधित निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों से एफएलएन गतिविधियों के संचालन और विद्यार्थियों की प्रगति की जानकारी भी ली गई। टीम ने शिक्षकों को बच्चों की बुनियादी दक्षताओं को मजबूत करने तथा कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक अकादमिक मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर बीएसी पवन राजोरिया साथ रहे। विद्यालयों में शिक्षक पोहुप सिंह पटेल सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।